सावन, मास , वर्ष-10, अंक 117, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, मंगलवार 23 जुलाई, 2024

T M

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE कौशलं बलम् NAINI ALLAHABAD

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन


अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association


*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**

Enjoy Publicity



## प्रदेश आस/पास



# जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय का किये औचक निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** जन समस्याओं का निस्तारण ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किये जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी जिला स्तरीय अधिकारी समय से कार्यालय में से संबंधित पात्रावलियों का भी निरीक्षण किये, तों यह तथ्य संज्ञान मे आया की 19. 5 करोड़ रुपये वाहन कर की नोटिस के बाद आर0सी0 अब तक जारी नहीं की गयी है, उन्होंने सम्बंधित को वाहन



उपस्थित होना करें सुनिश्चित-जिलाधिकारी कार्यालय मे विलम्ब से आने वाले आधिकारीयों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्यवाही-जिलाधिकारी जिलाधिकारी बी एन सिंह ने आज सुबह 10.12 बजे ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन राजेश्वर यादव, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन धनवीर यादव, प्रधान सहायक ललित नारायण त्रिपाठी अनुपस्थित पाए गये, जिस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कार्मिक व अधिकारी को स्पस्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखागार कक्ष का भी निरीक्षण किये, कक्ष में गन्दगी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने आय व्यव कर की आर0सी0 शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए, इस दौरान उन्होंने आर0 आई0 से ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन और प्रशासन के कक्ष मे बैठने के सम्बन्ध मे जानकारी ली तों आर0आई0 द्वारा बताया गया की दोनों ए0आर0टी0ओ0 एक ही कक्ष मे बैठते है, इस दौरान एक प्राइवेट व्यक्ति कम्प्यूटर कक्ष मे मिला, जिस पर जिलाधिकारी ने आर0आई0 को निर्देशित करते हुए कहा की कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कार्यालय में अनावश्यक रूप से प्रवेश न करें, इसका विशेष रूप से ध्यान दिया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा की सभी जनपद स्तरीय अधिकारी समय से कार्यालय मे उपस्थित होना सुनिश्चित करें और जन समस्याओ का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरिके से कराये। कार्यालय मे विलम्ब से आने वाले आधिकारीयों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा 03 नफर वांछित अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी सदर के आदेश के क्रम में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 - 44/2024 धारा 191(2), 109, 115(2), 117(2), 352, 351(2), 351(3), 333, 324 भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1.रामराज यादव पुत्र स्व0 सूर्यबल यादव निवासी ग्राम सिलथम थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र, 2.रामनरेश यादव पुत्र स्व0 रघुनाथ यादव निवासी ग्राम सिलथम थाना रघुनाथ यादव निवासी ग्राम सिलथम थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र । 3. शम्भूनाथ कुशवाहा पुत्र रामचन्दर कुशवाहा



रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र हाल मुकाम ग्राम पलपल थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र, 3.शम्भूनाथ कुशवाहा पुत्र रामचन्दर कुशवाहा निवासी करौदिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र को दिनांक 20.07.2024 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण-** 1. रामराज यादव पुत्र स्व0 सूर्यबल यादव निवासी ग्राम सिलथम थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र । 2. रामनरेश यादव पुत्र स्व0 निवासी करौदिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1. प्र0नि0 मनोज कुमार थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र । 2. हे0का0 हरिनारायण यादव, थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र । 3. हे0का0 नरेन्द्र सिंह यादव थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र । 4. का0 मुनेन्द्र कुमार थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र । 5. म0का0 शिवांगी थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र ।

# अभाविप का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग ओबरा में हुआ संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने स्थापना संगठन मंत्री विवेक जायसवाल उपस्थित रहे एवं माता सरस्वती, देवी अहिल्याबाई होलकर एवं स्वामी विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संगठन मंत्री अमित देव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं



काल से ही विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं अभ्यास वर्ग की व्यवस्था विकसित की है जैसा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के नाते भी जाना जाता है, इसी क्रम में अभाविप सोनभद्र जिले के कार्यकर्ताओं ने जिले भर के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु कलश होटल ओबरा में दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग 20 एवं 21 जुलाई को सम्पन्न हुआ जिसमें जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों विद्यार्थियों ने सहभाग किया एवं विद्यार्थी परिषद का प्रशिक्षण प्राप्त किया इसमें वर्ग के उद्घाटन में जिला प्रमुख डॉ रवि प्रकाश त्रिपाठी, प्रवासी कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस जैसवार, जिला संयोजक मृगांक दूबे, जिला विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर वर्ग का उद्घाटन किया।उद्घाटन सत्र में जिला प्रमुख ने कहा कि सोनभद्र में 23000 से अधिक सदस्य हैं जिसमें कुछ कार्यकर्ताओं को ही यह वर्ग करने का मौका मिला है जो प्रशिक्षण लेकर अपने परिसरों में अभाविप का कार्य प्रभावी ढंग से बढ़ाएंगे। एवं दो दिवसीय वर्ग के दूसरे दिन जिले के प्रसिद्ध कथावाचक दिलीप कृष्ण भरद्वाज उपस्थित रहे भारद्वाज ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर अपना उद्बोधन विद्यार्थियों को दिया एवं इसी क्रम में अभाविप के इस दो दिवसीय वर्ग में कार्यपध्दति, संपर्क, संवाद, प्रवास, सदस्यता, सक्षम इकाई एवं परिसर कार्य जैसे विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। के कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। प्रवासी कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस जैसवार ने परिसर कार्य सक्षम इकाई एवं सदस्यता विषय पर जिला भर से आए हुए कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। वर्ग के दूसरे दिन प्रातः काल में सभी कार्यकर्ताओ ने सामूहिक रूप से योग, व्यायाम का अभ्यास किया और मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होकर संगठन शक्ति का विस्तार करने का संकल्प किया। इस दो दिवसीय वर्ग में जिला भर से सभी कार्यकर्ता एवं परिषद के कई पूर्व कार्यकर्ता जैसे सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, अनिल द्विवेदी, प्रवीण शुक्ला, सुधीर पाठक, संदीप सिंह, विपुल शुक्ला समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा ले जा रहे भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** मानवाधिकार परिषद इकाई राजगढ़ द्वारा कांवड़ यात्रा ले जा रहे सभी भक्तों के लिए निःशुल्क जलपान की व्यवस्था की गयी है। श्रावण महीने के प्रत्येक रविवार व सोमवार को यह व्यवस्था की गयी है,सभी भक्त जन जलपान करके ही महादेव का अभिषेक करने जाएं। स्थान- आनंद स्वीट्स, लक्ष्मी कटरा, शाहगंज रोड राजगढ़ मिर्जापुर आदर्श दुबे, मानवाधिकार परिषद ब्लाक अध्यक्ष राजगढ़।



# थाना ओबरा की साइबर क्राइम टीम द्वारा शिकायत कर्ता के खाते से फ्राड हुए 30000/- रुपये दिलवाये गये वापस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** आवेदक राजेश कुमार शर्मा पुत्र स्व0 शम्भूनाथ शर्मा निवासी भलुआ टोला थाना ओबरा जनपद सोनभद्र थाना ओबरा जनपद सोनभद्र पर एक तहरीर दिया गया कि आवेदक के साथ 30000/- रुपये का साइबर फ्राड कर लिया गया है। शिकायत के उपरान्त पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशानुसार थाना ओबरा की साइबर क्राइम टीम द्वारा आवेदक के किये गये शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक का संपूर्ण धरराशि आवेदक के खाते में वापस कराई गई। जिस पर आवेदक द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

# डूब रही महिला को सुरक्षित बचाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री चक्रेश मिश्र द्वारा जनपदीय



पुलिस/डायल 112 को प्राप्त दुर्घटना की सूचना पर अल्पतम रिस्पॉन्स टाइम में तत्काल मौके पर पहुंचकर यथासंभव सहायता एवम् नियमानुसार विधिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 22/07/2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना महमूदाबाद द्वारा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में कानून एवम् सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत गश्त की जा रही थी। इस दौरान सुबह 8 बजे ग्राम नूरपुर स्थित नहर पुल पर एक महिला के नहर में कूदने की सूचना पर थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा अल्पतम समय में मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम के आरक्षी संजय यादव एवम् एक अन्य ग्रामीण द्वारा डूब रही युवती को बचा लिया गया। ग्रामीणों की मदद से महिला को नहर से बाहर निकलवाकर सीएचसी महमूदाबाद भर्ती कराया गया है, स्थिति खतरे से बाहर है। प्रकरण में महिला थाना महमूदाबाद क्षेत्र निवासी है जो अपने मामा के साथ दवा लेने महमूदाबाद आ रही थी तभी नूरपुर स्थित शारदा नहर पुल पर पहुंचकर उसके द्वारा चप्पल गिरने का बताते हुए बाइक रुकवा दी। बाइक रुकते ही उतरकर उसने शारदा नहर में अचानक छलांग लगा दी थी। थाना महमूदाबाद पुलिस द्वारा जांच/आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। परिजन द्वारा पुलिस टीम को हार्दिक धन्यवाद एवम् आभार व्यक्त किया गया। पुलिस टीम-प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल सिंह, आरक्षी संजय यादव, आरक्षी शुभम ढाका।









DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE
URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST , SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk in Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degrees
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879

# मिर्ज़ापुर सोनभद्र

## तहसील परिसर में नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** बार एसोसिएशन के तत्वाधान में बार परिसर में नगर के सम्मानित अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा नगर के लोगों द्वारा सहयोग अर्पित किया जाकर भव्य नवनिर्मित शिव हनुमत मंदिर में देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुक्रम में शुक्रवार को कलश यात्रा, पंचांग पूजन, बेदी पूजन, जलाधिवास का कार्यक्रम आयोजित हुआ तथा शनिवार को बेदी पूजन, संमन्न ,न्यास,अननधिवास का कार्यक्रम सम्पादित हुआ और रविवार को बेदी पूजन,ग्राम प्रदक्षिणा, प्राण प्रतिष्ठा, शिखर कलश प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण करते हुए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे भक्तिभाव से पूरित हज़ारों की संख्या मे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करते हुए मानव जाति के उत्थान व विश्व के कल्याण की मंगल कामना की!इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान पूनम सिंह (अध्यक्ष ,सोनभद्र बार एसोसिएशन) व लालमोहन सिंह द्वारा अपनी सहभागिता अर्पित की गई इस पावन अवसर पर राजीव सिंह गौतम (महामंत्री),अनिल कुमार पांडेय (कोषाध्यक्ष),विनोद कुमार चौबे, विजय प्रकाश पांडेय, चंद्रपाल शुक्ला, लेखराज देव पांडेय,विनोद कुमार शुक्ला डॉ चंदेल(मुख्यचिकित्साअधिकारी, आयुर्वेद विभाग),पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता,संगीता गुप्ता,आनंद मिश्रा, देव प्रताप सिंह, महेन्द्र प्रसाद ,के के मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह, सी एन अग्रवाल, आलोक सिंह, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, मनिंदर त्रिपाठी, आशुतोष पाठक, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, अभिषेक चतुर्वेदी, आशमां,आरती पांडेय, गीता गौर, कंचन सिन्हा, संध्या इत्यादि भक्तगण उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने आज सोन पम्प नगर परियोजना प्रथम, घाघर बैराज गुरमा, ओबरा बॉध प्रखण्ड ओबरा परियोजना का किये औचक निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** सोनपम्प नहर द्वारा की जा रही जलापूर्ति का लिये जायजा



सिंचाई विभाग एवं विद्युत विभाग आप स में समन्वय बनाकर कायर्योजना बनाये, जलापूर्ति में न आने पाये कोई समस्या- जिलाधिकारी जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज सोनपम्प नहर प्रथम, घाघर बैराज, मुख्य ओबरा बॉध प्रखण्ड ओबरा परियोजना औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक्सीयन विद्ययुत, ए0ई0 मैकेनिकल को निर्देशित करते हुए कहा कि नहरों का संचालन पूरी क्षमता से किया जाये, जिससे कि नहरों के माध्यम से कृषक बन्धुओं को सिंचाई हेतु पानी की कोई समस्या न होने पायें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, ए0ई0 रविन्द्र कुमार सावन, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता मैकेनिकल उदय शंकर सिंह, अधिशासी अभियन्ता ओबरा डैम रूपेश खरे उपस्थित रहें।

## मण्डलायुक्त ने तहसील दुद्धी का किये औचक निरीक्षण, पत्रावलियों को बेहतर ढंग से निस्तारण के दिये निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, रियल टाईम खतौनी



से सम्बन्धित प्रकरण का ससमय किये जाये निस्तारण निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की जाये सुनिश्चित- मण्डलायुक्त मण्डल आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने 20 जुलाई,2024/शनिवार को तहसील-दुद्धी का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने रियल टाईम खतौनी, अंश निर्धारण, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र से सम्बन्धित पत्रावलियों का निस्तारण की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ससमय पत्रावलियों का निस्तारण किया जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, लापरवाही बरतने वाले की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।


# कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र

सावधान! सावधान!

## ( आबकारी विभाग )

## अवैध शराब के सेवन से बचे।

## अपील

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन कदापि न करे, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मंदिरा जहरीली हो सकती है। उत्तर प्रदेश मे वैध शराब पाउच में नही बिकती है। इसलिए अपने परिवार की सुरक्षा कों ध्यान में रखते हुए अधिकृत आबकारी ठेके से ही बारकोड/क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी बोतल खरीदें। पाउच वाली महुए से बनी शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा है। अवैध शराब तथा निर्धारित मूल्य से अधिक की बिक्री से सम्बन्धित सूचना निम्न फोन नम्बरों पर दी जा सकती है:-

1. जिला आबकारी अधिकारी, सोनभद्र। मो0 नं0- 9454465619
2. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 राबर्ट्सगंज, सोनभद्र। मो0 नं0-8299436851
3. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 दुद्धी, सोनभद्र। मो0 नं0-8423636665
4. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 घोरावल, सोनभद्र। मो0 नं0-8800807279


उक्त के अतिरिक्त अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री के सम्बन्ध में शिकायत विभागीय टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सएप नम्बर-945466019 पर की जा सकती है।

जिला आबकारी अधिकरी,
सोनभद्र।

जिलाधिकारी
सोनभद्र।

संख्या:- 132/12-14/जि0आ0अ0/अपील/सोनभद्र/2024-25 दिनांक 17.07.2024

# स्पोर्ट्स




## राइली रूसो के तूफानी शतक के दम पर जाफना किंग्स बना चैंपियन, रिकॉर्ड चौथी बार खिताब पर जमाया कब्जा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राइली रूसो के नाबाद 106 रनों की मदद से जाफना किंग्स ने लंका प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल में जीत हासिल कर ली। गाले मार्वल्स का पहली बार ट्रॉफी जीतने का सपना इस तरह अधूरा रह गया। कोलंबो के आर. प्रेमदास स्टेडियम में खेले गए 2024 के फाइनल मैच में गाले मार्वल्स के खिलाफ जाफना किंग्स ने 9 विकेट से जीत दर्ज की। दरअसल, फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करने पर गाले मार्वल्स ने 184 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में 185 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज राइली रूसो ने दमदार नाबाद शतक (106) जड़ा और कुसल मेंडिस ने 72 रन बनाए। इन दोनों के बीच नाबाद 184 रनों की साझेदारी बनी, जिसकी वजह से जाफना किंग्स ने रिकॉर्ड चौथी बार लंका प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम किया। लंका प्रीमियर लीग के इतिहास की सबसे सफल टीम भी जाफना किंग्स बनी। अब तक थ्ब्स्थ् के कुल 5 सीजन खेले गए, जिसमें से चार सीजन में जाफना किंग्स ने ही खिताब जीता है। फाइनल मैच में गाले मार्वल्स अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई, क्योंकि उन्होंने केवल 86 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिए थे। टीम की तरफ से भानुका राजपक्षे ने 34 गेंदों में 82 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल रहे। उनके अलावा कोई भी कुछ खास रन नहीं बना सका। पथुम निसंका के जल्दी आउट होने के बाद, राइली रूसो मैदान पर बल्लेबाजी करने आए और उन्होंने 9 चौकों और 7 छक्कों की मदद से नाबाद 106 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर, कुसल मेंडिस भी 40 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 72 रन बनाकर नाबाद रहे। जाफना ने फाइनल में 9 विकेट से जीत दर्ज करने के लिए सिर्फ 15.4 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।




## ट्रेंट ब्रिज में दिखा बेन स्टोक्स का हमशक्ल इंग्लैड के कप्तान का रिएक्शन हो गया वायरल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नॉर्टिघम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। तीन टेस्ट मैच की सीरीज में इंग्लैड ने दोनों टेस्ट मैच अपने नाम कर लिए हैं। दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन एक अजीब घटना देखने को मिली। इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान कैमरा ने दर्शक दीर्घा में बैठे एक शख्स पर फोकस किया तो सभी चौंक गए। दरअसल, यह घटना इंग्लैड की पारी के चौथे दिन के दूसरे सत्र में घटी। कैमरा पर्शन ने दर्शकों की भीड़ में स्टोक्स के हमशक्ल को खोज निकाला। बेन स्टोक्स के हमशक्ल को देख दर्शक चौंक गए। वहीं, ड्रेसिंग रूम में बैठे बेन स्टोक्स भी हैरान रह गए। इतना ही नहीं इंग्लैड कप्तान की मजेदार प्रतिक्रिया वायरल हो गई। बिग स्क्रीन पर उस व्यक्ति को देखने के बाद, पॉल कॉलिंगवुड और स्टोक्स दोनों हंसते-हंसते लोटपोट हो गए। इस घटना को दर्शकों और कमेंटेटरों दोनों ने खूब पसंद किया।इंग्लैड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट के चौथे दिन अपने हमशक्ल को देखकर मजेदार प्रतिक्रिया दी। यह घटना दिन के दूसरे सत्र में हुई जब इंग्लैड ने अपनी बढ़त 380 से आगे बढ़ा ली थी। कैमरा पर्सन भीड़ में स्टोक्स के हमशक्ल को खोज निकाला। बड़ी स्क्रीन पर शख्स को देख बेन स्टोक्स हैरान रह गए। फिर एक अजीब सी शक्ल बनाई मैच की बात करें तो इंग्लैड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे।



## दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से दी मात, सीरीज पर भी जमाया कब्जा; शोएब बशीर ने खोला पंजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से मात दी। इसके साथ ही मेजबान इंग्लैंड ने सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। लॉर्ड्स में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट को इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से अपने नाम किया था। सीरीज का आखिरी टेस्ट 26 से 30 जुलाई के बीच एजबेस्टन, बर्मिंघम में खेला जाएगा। दूसरे टेस्ट में ओली पोप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड टीम पहली पारी में 416 रन पर सिमट गई। ओली पोप ने सबसे ज्यादा 121 रन बनाए। उनके अलावा बेन डकेट और कप्तान बेन स्टोक्स ने अर्धशतक लगाया। जवाब में वेस्टइंडीज टीम ने पहली पारी में सभी 10 विकेट खोकर 457 रन बनाए। केवेम हॉज ने 120 रन ठोके। उनके अलावा जोशुआ दा सिल्वा और एलिक अथानाजे ने 82-82 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से क्रिस बोक्स ने 4 शिकार किए। 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से मात दी। इसके साथ ही मेजबान इंग्लैंड ने सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। सीरीज के पहले टेस्ट को इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से अपने नाम किया था। सीरीज का आखिरी टेस्ट 26 से 30 जुलाई के बीच एजबेस्टन बर्मिंघम में खेला जाएगा जो रूट और हैरी ब्रूक के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 425 रन बनाए। रूट ने 178 गेंदों पर 122 रन और बरूक ने 132 गेंदों पर 109 रन जड़े। उनके अलावा ओली पोप ने 51 और बेन डकेट ने 76 रन की पारी खेली दूसरी पारी में वेस्टइंडीज टीम 143 रन पर ही सिमट गई। दूसरी पारी में कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए।




## जैसे को तैसा' की रणनीति अपनाने की हालत में नहीं पाकिस्तान, बीसीसीआई का आईसीसी में दबदबा; पूर्व पीसीबी चीफ का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पाकिस्तान में आयोजन होना है। अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोड मुश्किल स्थिति में है। बीसीसीआई भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने के पक्ष में नहीं है। बीसीसीआई ने आईसीसी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को हाइब्रिड मॉडल में कराने की बात कही है। इससे पहले एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल में हुआ था। हालांकि, वह आईसीसी नहीं एशियाई क्रिकेट परिषद का इवेंट था।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले ही अपना मसौदा कार्यक्रम को सौंप दिया है, जिसमें पाकिस्तान में भारत के मैच भी शामिल हैं। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार भारत को अपने सभी मैच लाहौर में खेलने हैं। भारत बनाम पाकिस्तान मैच 1 मार्च को निर्धारित किया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी को कराची में होगी, जबकि फाइनल 9 मार्च को लाहौर में खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पाकिस?तान में आयोजन होना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले ही अपना मसौदा कार्यक्रम को सौंप दिया है। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार भारत को अपने सभी मैच लाहौर में खेलने हैं। पूर्व प्रमुख खालिद महमूद ने कहा कि सबसे अमीर बोर्ड होने के नाते का बहुत प्रभाव है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के पाकिस्तान जाने की संभावना बहुत कम है पूर्व प्रमुख खालिद महमूद ने कहा कि सबसे अमीर बोर्ड होने के नाते का बहुत प्रभाव है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के पाकिस्तान जाने की संभावना बहुत कम है। क्रिकेट पाकिस्तान से बातचीत में उन्होंने कहा, इस बात की बहुत कम संभावना है कि वे पाकिस्तान में खेलने के लिए सहमत होंगे। भारत सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है और इसका काफी दबदबा है। अगर वे पाकिस्तान में अपनी टीम नहीं भेजते हैं तो मुझे लगता है कि श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश भी उनके रास्ते पर चलते हुए इसमें शामिल हो जाएंगे।उन्होंने कहा कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को नहीं भेजने का फैसला करता है तो यह पाकिस्तान के लिए अच्छा नहीं होगा अगर वे जैसे को तैसा की रणनीति अपनाने का फैसला करते हैं। उन्होंने कहा, देखिए, इस स्तर पर बात यह है कि आप केवल पैरवी कर सकते हैं और अन्य बोर्डों को अपने पक्ष में करने के लिए मनाने की कोशिश कर सकते हैं। भारत का आईसीसी में बहुत अधिक दबदबा है, ऐसे में जैसे को तैसा की रणनीति अपनाना पाकिस्तान के लिए अच्छा नहीं होगा। बात जब बीसीसीआई कहता है कि वह अपनी टीम नहीं भेज सकता है और अपने मैच पाकिस्तान के बाहर खेलेगा, तो यह पाकिस्तान के लिए आईसीसी कार्यक्रम की मेजबानी करने के उद्देश्य को कम कर देता है।




## 147 साल में पहली बार इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में हासिल की बड़ी उपलब्धि, बनाया शानदार रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैड टीम आखिरकार अपने 147 साल के इतिहास में पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ने में कामयाब रही है। नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट मैच इंग्लैड ने अपनी दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन बनाए। इससे पहले इंग्लैड कभी टेस्ट क्रिकेट की दोनों पारियों में 400 का आंकड़ा नहीं छू पाई है। गौरतलह हो कि मेजबान टीम ने बल्ले से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दोनों पारियों में विशाल स्कोर बनाया। ओली पोप के शतक की बदौलत इंग्लैड ने पहली पारी में 416 रन बनाए, जबकि हैरी ब्रूक और जो रूट के शतकों की बदौलत मेजबान टीम ने दूसरी पारी में 425 रन का आंकड़ा छुआ। वेस्टइंडीज ने भी पहली पारी में 400 का आंकड़ा पार किया। टेस्ट क्रिकेट में यह पहली बार हुआ कि तीन पारियों में 400 से ज्यादा रन बने।इंग्लैड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इंग्लैड ने अपने 147 साल के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार दोनों पारियों में 400 से ज्यादा का आंकड़ा पार किया। वहीं यह टेस्ट क्रिकेट इतिहास में यह पहली बार हुआ कि तीन पारियों में 400 से ज्यादा रन बने। इंग्लैड ने दूसरी पारी में 425 रन बनाए। रूट और हैरी ब्रूक ने शतक जड़ा। वहीं, यह पहला मौका है जब इंग्लैड ने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। इंग्लैड 1877 से टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। उनका पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ था। तब से अब तक इंग्लैड ने 1073 टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन वे कभी भी टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 400 से ज्यादा रन नहीं बना पाए थे। इसके अलावा, यह 12वीं बार है जब किसी टीम ने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 400 रन का आंकड़ा पार किया है। इंग्लैड के पूर्व कप्तान जो रूट ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन 32वां टेस्ट शतक जड़ा। इस शतक की बदौलत सबसे अधिक टेस्ट शतक बनाने वाले केन विलियमसन और स्टीव स्मिथ की बराबरी कर ली है। यही नहीं वह दुनिया के 8वें सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। साल 2024 में रूट का यह पहला टेस्ट शतक था।




## पाकिस्तान ने नेपाल को 9 विकेट से हराया, जिंदा रखी सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गेंदबाजों के बाद गुल फिरोजा और मुनीबा की उम्दा बल्लेबाज के दम पर पाकिस्तान ने महिला एशिया कप 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपला महिला टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाए थे। इस आसान से लक्ष्य को पाकिस्तान ने 11.5 ओवर में 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान की कप्तान निदा डार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। नेपाल की शुरुआत बेहद खराब रही। महज चार के स्कोर पर समझाना खडके का विकेट खो दिया। टीम का स्कोर अभी 30 रन ही पहुंचा था कि कविता कुंवर भी पवेलियन लौट गईं। सीता राणा मगर अच्छा लय में दिख रही थीं लेकिन 26 के निजी स्कोर पर रन आउट हो गईं।कप्तान इंदू बर्मा अपना खाता नहीं खोल पाईं। रुबीना छेत्री ने 25 रन का योगदान दिया। आखिरी में कविता जोशी ने 23 गेंद पर नाबाद 31 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। नेपाल की तीन बल्लेबाज रन आउट हुईं। पाकिस्तान की तरफ से सदिया इकबाल ने दो विकेट तो फतिमा सना ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की सलामी जोड़ी ने जीत नींव रख दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। गुल फिरोजा ने 35 गेंद पर 57 रन की पारी खेली। मुनीबा अली अंत तक नाबाद रही और 46 रन बनाकर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। नेपाल की तरफ से कविता जोशी एकमात्र गेंदबाज रहीं जिन्हें विकेट मिला। इस बड़ी जीत से पाकिस्तान का नेट रन रेट बेहतर हुआ और सेमीफाइनल में पहुंची की उम्मीदों को भी जिंदा रखा है।




## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्‍ रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## गौतम गंभीर की टीम इंडिया के हेड कोच के तौर पर पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ के जाने के बाद टीम इंडिया को गौतम गंभीर के रूप में नया हेड कोच मिल गया है। गंभीर श्रीलंका दौरे से जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले इस दौर के लिए चुनी गई वनडे और टी20 टीम में गौतम गंभीर के फैसलों की झलक दिख गई है और इसी के साथ भारतीय क्रिकेट में शुरू हो गया है गंभीर युग। कई ऐसे फैसले हुए जिन पर गंभीर से और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर से सवाल पूछा जाने हैं। सोमवार वो दिन होगा जिस दिन ये दोनों प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन सवालों के जवाब देंगे। बीसीसीआई ने शनिवार को बताया था कि 22 जुलाई यानी सोमवार को सुबह 10 बजे मुंबई के पांच सितारा होटल में गौतम गंभीर और अजीत अगरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इस कॉन्फ्रेंस में गंभीर पहली बार बतौर टीम इंडिया के कोच के तौर पर हिस्सा लेंगे और कई अहम सवालों के जवाब देंगे। भारतीय क्रिकेट में गंभीर युग की शुरुआत हो गई है। गौतम गंभीर टीम के नए हेड कोच हैं और श्रीलंका दौरे से वह अपना काम शुरू करेंगे। इससे पहले हालांकि टीम सेलेक्शन में उन्होंने अपने विजन की झलक दिखा दी है। जो फैसले हुए हैं उस पर हालांकि गंभीर ने अभी तक आधिकारिक रूप से कुछ कहा नहीं है लेकिन सोमवार को पहली बार वह मीडिया के सामने आएंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पूरे भारत की नजरें हैं क्योंकि इसी से पता चलेगा की गंभीर किस सोच के साथ टीम इंडिया के कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे और उनका विजन क्या है।



## बीच मैदान पर हार्दिक पांड्या ने खोया था आपा, शमी को कहा था भला-बुरा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 2 नई टीमें गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स लीग का हिस्सा बनी थीं। हार्दिक पांड्या को गुजरात टाइटंस की कमान सौंपी गई थी। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इसी टीम का हिस्सा थे। एक मैच के दौरान हार्दिक पांड्या ने आपा खो दिया था और सीनियर प्लेयर मोहम्मद शमी को खूब चिल्लाया था। इतना ही नहीं पांड्या ने इस दौरान उन्हें भला-बुरा भी कह दिया था। शमी का कसूर सिर्फ इतना था कि थर्ड मैन पर फील्डिंग के दौरान उनसे एक कैच छूट गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। अब तेज गेंदबाज शमी ने उस घटना को लेकर अपनी भड़ास निकाली है।मोहम्मद शमी ने इस घटना को लेकर एक यूट्यूब चैनल पर कहा, मैं आमतौर पर ऐसी चीजों पर प्रतिक्रिया नहीं देता, लेकिन जब चीजें बहुत खराब हो जाती हैं, तो मैं बोलता हूं। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं और हम दोस्त हैं। उसे उस पल इसका एहसास नहीं हुआ। हम एक-दूसरे को जानते हैं लगभग 10 साल। उन्होंने मुझसे कहा, 'मैं कसम खाता हूं, मुझे नहीं पता कि मैंने क्या कहा है।' करोड़ों लोग हमें स्क्रीन पर देखते हैं, हमें अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की जरूरत है।

## सम्पादकीय

# कीमत तो चुकानी ही होगी खराब विनियमन के कारण गोपनीयता उल्लंघन की आशंका

26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक की एआई द्वारा निगरानी फ्रांसीसी सरकार और एआई कंपनियों के लिए बेशक लाभकारी हो, लेकिन इसकी कीमत भी चुकानी होगी। खराब ढंग से विनियमित एआई-सक्षम निगरानी प्रणालियों में गोपनीयता उल्लंघन की आशंका रहती ही है।पेरिस ओलंपिक पर दुनिया भर की नजर है, क्योंकि हजारों एथलीट एवं उनके सहयोगी कर्मचारी और दुनिया भर से लाखों पर्यटक फ्रांस पहुंचने लगे हैं। इस पर सिर्फ दुनिया की ही नजर नहीं होगी, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली (एआई सिस्टम) से भी इसकी निगरानी की जाएगी। सरकार और निजी कंपनियां खेलों से पहले, खेलों के दौरान और खेलों के बाद उन्नत एआई उपकरणों एवं अन्य निगरानी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेंगी। ओलंपिक के दौरान अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की भीड़ के कारण सुरक्षा जोखिम इतना बढ़ जाता है कि अधिकारियों और आलोचकों ने इसे 'युद्ध से अलग दुनिया का सबसे बड़ा सुरक्षा ऑपरेशन' बताया है। फ्रांस की सरकार ने निजी प्रौद्योगिकी क्षेत्र के साथ मिलकर सुरक्षा बढ़ाने की वैध जरूरत के मद्देनजर निगरानी और डाटा एकत्र करने वाले उन्नत तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया है। प्रायोगिक एआई वीडियो निगरानी के विवादास्पद इस्तेमाल समेत इसकी निगरानी योजनाएं इतनी व्यापक हैं कि उन्हें वैध बनाने के लिए कानून में बदलाव करना पड़ा है। खबरों के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक अनंतिम आदेश जारी किया है, जो सरकार को खेलों के दौरान पारंपरिक, गुप्त निगरानी और सूचना एकत्र करने के साधनों को बढ़ाने की अनुमति देता है। सुरक्षा जोखिम बढ़ने के साथ-साथ निगरानी बढ़ाने की जरूरत पड़ सकती है और बढ़ाई भी जाती है। हालांकि निवारक उपाय जोखिमों के अनुपात में ही होने चाहिए। दुनिया भर के आलोचकों का दावा है कि फ्रांस निगरानी पर पकड़ बढ़ाने के लिए ओलंपिक को बहाने की तरह इस्तेमाल कर रहा है और सरकार इस 'असाधारण' निगरानी का इस्तेमाल समाज पर राज्य की निगरानी बढ़ाने के लिए करेगी। इसके साथ ही, सुरक्षा के लिए पर्याप्त एवं प्रभावी निगरानी को लेकर भी वाजिब चिंताएं हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका में यह सवाल उठ रहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास को रोकने में सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा निगरानी क्यों चूक गई। नए विस्तृत निगरानी कानून के साथ फ्रांस एआई कंपनियों के साथ मिलकर व्यापक एआई वीडियो आधारित निगरानी लागू करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने महत्वपूर्ण संगीत समारोहों, खेल आयोजनों एवं मेट्रो व रेलवे स्टेशनों पर भीड़ के दौरान एआई तकनीक से निगरानी की है, जिनमें टेलर स्विफ्ट का कंसर्ट एवं कान फिल्म महोत्सव भी शामिल हैं। फ्रांसीसी अधिकारियों का कहना है कि एआई निगरानी के इन प्रयोगों में सफलता भविष्य में भी इनके उपयोग के लिए 'हरी झंडी' है। एआई सॉफ्टवेयर को आम तौर पर भीड़ के आकार और गतिविधि में परिवर्तन, छोड़ी गई वस्तुओं, हथियारों की मौजूदगी या इस्तेमाल, जमीन पर शव, धुएं या लपटें और ट्रैफिक उल्लंघनों जैसी कुछ घटनाओं को चिह्नित करने के लिए तैयार किया गया है। इसका लक्ष्य निगरानी प्रणालियों के लिए रियल टाइम में गेट की ओर बढ़ती भीड़ या भीड़भाड़ वाली सड़क के कोने में किसी के द्वारा बैग छोड़ने जैसी घटनाओं का पता लगाना और सुरक्षा कर्मियों को सचेत करना है। इन घटनाओं को चिह्नित करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल तार्किक और समझदारी भरा लगता है। लेकिन वास्तविक गोपनीयता और कानूनी सवाल इस बात को लेकर उठ रहे हैं कि ये सिस्टम कैसे काम करते हैं और इनका कैसे इस्तेमाल होता है। इतने डाटा को एकत्र करने के बाद क्या किया जाएगा और इस तक किसकी पहुंच होगा इन सवालों का जवाब देने के लिए पारदर्शिता का अभाव है। लोगों की पहचान कर सकने वाले बायोमेट्रिक डाटा के इस्तेमाल को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों के बावजूद बहुत संभव है कि इसका दुरुपयोग किया जाए। निजी कंपनियों को फ्रांस में पहले से ही लगे हजारों वीडियो कैमरों तक पहुंच प्रदान करके, रेल कंपनियों और परिवहन ऑपरेटरों की निगरानी क्षमताओं का उपयोग और समन्वय करके, और कैमरों के साथ ड्रोन के उपयोग की अनुमति देकर, फ्रांस इन कंपनियों को अपने नागरिकों और आगंतुकों पर एआई सॉफ्टवेयर का परीक्षण एवं प्रशिक्षण देने की अनुमति व समर्थन दे रहा है। बीजिंग में 2022 के शीतकालीन ओलंपिक में सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी चिंताएं इतनी ज्यादा थीं कि एफबीआई ने 'सभी एथलीटों' से आग्रह किया कि वे अपने निजी सेलफोन घर पर ही छोड़ दें और चीन में केवल प्रीपेड फोन का इस्तेमाल करें, क्योंकि सरकारी निगरानी बहुत ज्यादा है।

# अन्नाद्रमुक के सामने अस्तित्व का संकट

जातिगत राजनीति से तंग आकर अधिकांश कार्यकर्ता अब अननद्रमुक से पलायन कर रहे हैं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव, 2024 के लोकसभा चुनाव और हाल ही में जुलाई में संपनन विक्रवंडी विधानसभा उपचुनाव के बाद यह पलायन अननद्रमुक के लिए अस्तित्व के संकट की चुनौती के



रूप में आया है।तमिलनाडु में अखिल भारतीय अनन द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अननद्रमुक) अपने अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है। वर्ष 1972 में एमजी रामचंद्रन द्वारा स्थापित पार्टी, जिसे बाद में शक्तिशाली महिला नेत्री जयललिता ने कुशलतापूर्वक आगे बढ़ाया। जयललिता के निधन के बाद वह तीन गुटों में विभाजित हो गई है और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 39 सीटें हार गई। जयललिता के निधन के बाद एडापडी पलानीस्वामी ही वह नेता हैं, जिन्होंने चार वर्षों तक तमिलनाडु में शासन किया था। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अननद्रमुक के अधिकांश कार्यकर्ताओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और विशेष रूप से दो पत्तियों वाले प्रसिद्ध चुनाव चिह्न को बरकरार रखा। एडापडी पलानीस्वामी ने हाल ही में चेनन्ई में जिलावार पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई, जिसमें चुनावी हार पर उनके विचार सुने गए। वर्ष 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव के बाद जो लोग एडापडी पलानीस्वामी से अलग हो गए थे, वे अब अलग-अलग गुटों का विलय चाहते हैं। इनमें शामिल हैं, तमिलनाडु में थेवर जाति के कद्दावर नेता ओ पननेरसेल्वम, उसी जाति समूह के नेता टीटीवी दिनाकरण, जो एक राजनीतिक संगठन अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम के प्रमुख हैं और थेवर जाति की ही शशिकला। एडापडी पलानीस्वामी राज्य में ताकतवर गौंडर जाति से ताल्लुक रखते हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में एडापडी समूह को भारी झटका लगा, क्योंकि इसके कई उम्मीदवार अपनी जमानत भी नहीं बचा सके। लगातार दस चुनावों में, चाहे वह नगर निगम का हो, या विधानसभा का हो या लोकसभा का, एडापडी पलानीस्वामी एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) से हार गए हैं। तमिलनाडु में अननद्रमुक गौंडर और थेवर जातियों तक सिमट कर रह गई है। इसलिए कार्यकर्ता इन गुटों में विलय चाहते हैं।

# किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला हो बजटष्ठ कृषि समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत का मौका





कल आ रहे वर्ष 2024-25 के बजट में पीएम किसान सम्मान निधि जैसी प्रत्यक्ष आय सहायता वाली योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ना चाहिए। भारत, जो एक समय मुख्य रूप से कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था थी, ने पिछले कुछ दशकों में अपनी आर्थिक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि की हिस्सेदारी 1947 में 60 फीसदी से घटकर पिछले वित्तीय वर्ष में 15 फीसदी हो जाना एक गहन बदलाव का प्रतीक है, जो देश के आर्थिक परिदृश्य की उभरती अस्थिरता को दर्शाता है।कृषि क्षेत्र की प्रगति भारत की नब्ज तय करती है। मंगलवार को 2024-25 का बजट आ रहा है, लेकिन यह स्वीकार करना और महत्वपूर्ण हो जाता है कि कृषि का योगदान देश के आर्थिक और सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक तरफ एमएसपी बढ़ोतरी और फसल बीमा योजनाओं, जैसी हालिया पहलों ने आशा की किरणें जगाई हैं, दूसरी तरफ भारतीय कृषि को प्रभावित करने वाली चुनौतियां जैसे-बढ़ती लागत, अस्थिर बाजार कीमतें, कर्ज के नीचे दबता किसान, जलवायु परिवर्तन और सीमित बुनियादी ढांचा नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और नवीन समाधानों की मांग करती हैं। यह बजट नई जमीन तैयार करने और अधिक मजबूत, टिकाऊ और समावेशी कृषि परिदृश्य विकसित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत कर सकता है। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बीज, उर्वरक, बिजली और पानी आदि?पर भारी सब्सिडी देने के बावजूद कई किसान संकट में हैं। बढ़ती कृषि लागत के बीच भारतीय किसानों को गंभीर ऋण संकट का सामना करना पड़ता है, औसत घरेलू ऋण सात लाख रुपये से अधिक है। कर्ज और आर्थिक संकट के बोझ तले दबे किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2022 में 6,083 कृषि मजदरों ने खुदकुशी की। देश की औसत प्रति व्यक्ति आय 12,500 है, किसानों की इससे भी कम।बजट में किसानों की आय बढ़ाने वाली नीतियों को बढ़ावा मिले। पीएम किसान सम्मान निधि जैसी प्रत्यक्ष आय सहायता वाली योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ाना, समय पर व कुशल संवितरण सुनिश्चित करते हुए बहुत जरूरी वित्तीय स्थिरता प्रदान कर सकता है।?किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए?प्रत्येक फसल की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया जाए। ऋण राहत योजनाओं, सब्सिडी?ऋण या फसल बीमा कार्यक्रमों के लिए ज्यादा धनराशि का प्रावधान जरूरी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, भारत के केवल 47 फीसदी शुद्ध बोए गए क्षेत्र में सुनिश्चित सिंचाई तक पहुंच है और अपर्याप्त भंडारण के कारण फसल के बाद के नुकसान का अनुमान 10-25 फीसदी है। बजट में सड़क नेटवर्क और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं के निर्माण और उनन्यन के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जानी चाहिए। ग्रामीण विद्युतीकरण में निवेश और सूचना प्रौद्योगिकी तक बेहतर पहुंच डिजिटल विभाजन को पाट सकती है। ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे का विस्तार महत्वपूर्ण है। बजट में कृषि शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों में निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समर्पित कृषि विश्वविद्यालयों की स्थापना और मौजूदा संस्थानों को आधुनिक, व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम पेश करने के लिए प्रोत्साहित करना मौजूदा कौशल अंतर को पाट सकता है। कृषि उद्यमिता और एग्रीटेक स्टार्टअप को बढ़ावा देना नवाचार को बढ़ावा दे सकता है और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। उनन्त बीजों, सूखा प्रतिरोधी फसलों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लिए अनुसंधान में निवेश बढ़ाने से कृषि उत्पादकता और आय को बढ़ावा मिल सकता है। मजबूत निर्यात बुनियादी ढांचे का निर्माण और अनुकूल व्यापार समझौतों पर बातचीत से भारतीय कृषि उपज के लिए नए बाजार खुल सकते हैं, आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है और नौकरियां पैदा हो सकती हैं। कृषि में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करते हुए, उन्हें सशक्त बनाने के लिए बजट में महिला-विशिष्ट कार्यक्रमों और पहलों को बढ़ावा देना चाहिए। कृषि को पुनर्जीवित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कृषि बजट में राशि बढ़ाने के साथ ही आवंटित राशि का सफल और पूर्ण क्रियान्वन सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। इस बजट को एक अकेली घटना के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि एक संपनन, टिकाऊ और समावेशी कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के दीर्घकालिक दृष्टिकोण की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण, किसान सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा और मूल्य संवर्धन में निवेश को प्राथमिकता देकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां हमारे किसान समृद्ध हों, खाद्य सुरक्षा की गारंटी हो और हमारे ग्रामीण समुदाय समृद्ध हों। आगामी बजट भारत में कृषि समृद्धि के एक नए युग के लिए उपजाऊ जमीन बोने वाला बीज बने।

# कन्नड़ कार्ड खेलती कर्नाटक सरकारष्ठ सांविधानिक व्यवस्था के बगैर कांग्रेस सरकार का फैसला चौंकाने वाला

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1994 के फैसले में राज्यों में माटी पुत्रों के आरक्षण को संविधान के अनुच्छेद 16 (2) के खिलाफ बताया था। विपक्ष के नेता संविधान और न्याय की बात कर रहे हैं, तो फिर उन्हीं की पार्टी की सरकार सांविधानिक व्यवस्था के बगैर निजी क्षेत्र में आरक्षण कैसे लागू कर सकती है जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की समाप्ति से पूरे देश में एकीकरण का माहौल बना था। लेकिन कर्नाटक, हरियाणा और झारखंड जैसे राज्यों में निजी क्षेत्र की ग्रुप सी और डी वर्ग की नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने का कानून बनने से राष्ट्रीय एकता के साथ आर्थिक विकास की रफ्तार गड़बड़ा सकती है। आरक्षण की राजनीति के पैंतरे को अंतरराष्ट्रीय नजरिये से समझना जरूरी है। बांग्लादेश में आरक्षण की आग बढ़ने से भारतीयों का पलायन बढ़ रहा है। उसी तर्ज पर कर्नाटक में सिद्धरमैया सरकार कनन्ड़ कार्ड खेल रही है। सरकारी खजाने से रेवड़ियां बांटने को अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक माना जा रहा है। लेकिन निवास को मनमाफिक तरीके से निर्धारित करने के कानूनों से अर्थव्यवस्था के साथ संविधान और संघीय व्यवस्था भी चरमरा सकती है।संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, नागरिकता, आईटी, कंपनी कानून और आरक्षण जैसे विषय पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। भाषा के आधार पर राज्यों के गठन के बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पंजाब जैसे कई राज्यों में माटी पुत्रों को रोजगार में प्राथमिकता देने की पहल नेताओं ने की। लेकिन शिक्षा, डिजिटल और संचार के प्रसार से राज्यों में उपराष्ट्रवाद के आंदोलन कमजोर होते गए। देश की राजधानी दिल्ली है, लेकिन वित्तीय राजधानी के तौर पर मुंबई और आईटी राजधानी के तौर पर बंगलूरू, हैदराबाद और चेनन्ई जैसे शहरों का विकास हुआ। इन शहरों के विकास में सभी राज्यों के निवासियों के साथ केंद्रीय करों का बहुत बड़ा योगदान है। कर्नाटक के प्रस्तावित कानून से ई-कॉमर्स, स्टार्टअप, आईटी, आईटीईएस और जीसीसी सेक्टर की कंपनियां सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी। इसलिए भाषा या क्षेत्र के आधार पर निजी क्षेत्र में आरक्षण गलत और असांविधानिक है। भ्रष्टाचार और नेतृत्व परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रही सिद्धरमैया सरकार आरक्षण बिल को नए सिरे से विधानसभा में पारित कराने की कोशिश कर सकती है। इसलिए मंत्रिमंडल की नई मंजूरी के बाद यदि विधानसभा में बिल को पारित किया जाए, तो उस बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए राज्यपाल भेज सकते हैं। सियासत से हटकर निजी क्षेत्र में आरक्षण के सांविधानिक पहलुओं की पड़ताल बेहद जरूरी है। संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, नागरिकता से जुड़े मामलों में सिर्फ केंद्र सरकार और संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है। संविधान के अनुच्छेद-14 में समानता और अनुच्छेद-19 में व्यापार की स्वतंत्रता के बारे में प्रावधान हैं। अनुसूचित जाति व जनजाति, महिला, ओबीसी, दिव्यांग जैसे वंचित वर्ग को आरक्षण देने के लिए संविधान में अपवाद स्वरूप प्रावधान किए गए हैं। सरकार द्वारा दी गई रियायती भूमि पर बनाए गए स्कूलों और अस्पतालों में गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्लूएस) वर्ग के लोगों को सस्ती शिक्षा और इलाज के लिए प्रावधान हो सकते हैं। लेकिन निजी क्षेत्र में क्षेत्र या भाषा के आधार पर आरक्षण के लिए कोई सांविधानिक व्यवस्था नहीं है। इस बारे में संविधान के अनुच्छेद 16 (3) और 35 ए के तहत राज्यों के बजाय सिर्फ संसद को ही कानून बनाने की शक्ति हासिल है। वर्ष 1992 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, सरकारी क्षेत्र में आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी निर्धारित की गई है। ऐसे में राज्यों में निजी क्षेत्र में उससे ज्यादा आरक्षण कैसे दिया जा सकता है हाईकोर्ट के जजों ने आंध्र प्रदेश के कानून को असांविधानिक बताया था। हरियाणा के कानून को तो हाईकोर्ट ने पिछले साल रद्द ही कर दिया था। झारखंड का कानून भी हाईकोर्ट की वजह से आगे नहीं बढ़ पाया। सरकारी खर्चे पर मुकदमेबाजी बढ़ने से दोहरा नुकसान होता है। बड़े वकीलों को फीस देने के नाम पर सरकारी खजाने को भारी नुकसान होने के साथ इससे आम लोगों के मुकदमों की सुनवाई और फैसलों में विलंब होता है। बिहार जैसे पिछड़े राज्य केंद्र सरकार से बजट में विशेष पैकेज की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ बंगलूरू और गुरुग्राम जैसे विकसित शहरों को राज्य सरकारें सियासी जागीर मानते हुए न केवल सांविधानिक व्यवस्था, बल्कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को भी तबाह करने पर उतारू हैं। वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार, बंगलूरू की 96 लाख की आबादी में 50 फीसदी दूसरे राज्यों से आए हुए लोग हैं। भारतीय गणतंत्र में नागरिक सर्वोपरि हैं, जिन्हें पूरे देश में रोजगार और व्यापार की सांविधानिक आजादी है। निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने के नाम पर राज्यों में इंस्पेक्टर राज का बढ़ना उदारीकरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था के खिलाफ है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, व्यापार और वाणिज्य को बाधित करने का कानून बनाने की इजाजत किसी भी राज्य को नहीं दी जा सकती। कर्नाटक का यह बिल अगर कानून बन गया, तो टेक इंडस्ट्री और अर्थव्यवस्था की गाड़ी पटरी से उतरने पर विदेशी निवेशकों का भारत की ग्रोथ स्टोरी से भरोसा डगमगा सकता है। कई राज्यों में अनुसूचित जनजातियों और मूल निवासियों के आरक्षण के लिए संविधान में प्रावधान है। वर्ष 1957 में बनाए गए सार्वजनिक रोजगार (निवास के संबंध में आवश्यकता) अधिनियम के अनुसार, क्षेत्र के आधार पर नौकरियों में भेदभाव नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1994 के फैसले में राज्यों में माटी पुत्रों के आरक्षण को संविधान के अनुच्छेद 16 (2) के खिलाफ बताया था। इसलिए निवास और भाषा के आधार पर आरक्षण का कोई भी कानून अदालत से निरस्त हो जाएगा। देश में साम्राज्यवादी कानूनों से मुक्ति का अभियान चल रहा है। दूसरी तरफ, रोजगार और गर्वनेंस बढ़ाने में विफल सरकारें क्षेत्र, जाति, भाषा और धर्म के आधार पर आरक्षण के झुनझुने से 'बांटो और राज करो' की ब्रिटिश तरकीब का बेशर्मी से इस्तेमाल कर रही हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान, न्याय और भारत जोड़ने की बात कर रहे हैं, तो फिर उन्हीं की पार्टी की सरकार सांविधानिक व्यवस्था के बगैर निजी क्षेत्र में आरक्षण कैसे लागू कर सकती है।



# बॉलीवुड/टेली मसाला

## कैंसर के इलाज के बीच हिना खान ने अस्पताल से शेयर की नई तस्वीर, खुद को दे रही हैं दिलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस हिना खान ने बीते महीने अपने कैंसर की खबर शेयर कर यानी हिना खान पिछले कुछ समय से ब्रेस्ट कैंसर से लड़ाई लड़ रही हैं। पिछले एक महीने से अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपना हेल्थ के बाद हर दिन आता है, तुम मजबूत लेडी हो। दूसरे फैन ने लिखा- जल्द स्वस्थ हो जाओ। तीसरे फैन ने लिखा- हां, हर काले



सबको हैरान कर दिया था। एक्ट्रेस ने लंबे-चौड़े पोस्ट के साथ बताया था कि वह ब्रेस्ट कैंसर की तीसरी स्टेज पर है और वह इसका इलाज करवा रही हैं। इस खबर के बाद एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो चुकी हैं और अपने फैंस के साथ लगातार अपना हेल्थ अपडेट देती नजर आ रही हैं। अब एक बार फिर हिना ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह खिड़की के बाहर देखती नजर आ रही हैं। टीवी की 'अक्षरा' अपडेट दे रही है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस के चेहरे और आंखों में जल्द ठीक होने की उम्मीद और कहीं न कहीं सूनापन भी नजर आ रहा है। इस फोटो में एक्ट्रेस ग्रीन कलर की टी-शर्ट पहने अस्पताल की खिड़की से बाहर आसमान को देखती नजर आ रही हैं और कैप्शन- 'है न' और दिल वाला इमोजी बनाया है। हिना खान के इस पोस्ट पर एक्ट्रेस के दोस्त और फैंस कमेंट्स कर उन्हें सहानुभूती देते नजर आ रहे हैं। एक फैन ने लिखा- हर रात बादल में एक आशा की किरण होती है। इसके अलावा भी कई फैन ने उनके जल्द ठीक होने की दुआ मांगी है। हिना खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो हिना ने साल 2009 से ये रिश्ता क्या कहलाता है में काम करना शुरू किया था, जिसके बाद वह बिग बॉस 11 और बिग बॉस 14 जैसे शो में नजर आईं। इसके अलावा उन्होंने अपना बॉलीवुड डेब्यू भी किया। बीते दिनों खुलासा हुआ था कि कैंसर के चलते हिना को एक बड़े प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया।

## गुरु पूर्णिर्मी के खास मौके पर सायरा बानो ने शेयर किया पोस्ट, बोलीं 'गुरु डालते हैं जीवन में गहरा प्रभाव'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्ट्रेस सायरा बानो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वह वहां पर अक्सर कभी फिल्मों से जुड़े किस्से, तो कभी दिलीप कुमार से जुड़े किस्से दिन आभारी और सराहना करने के क्षण के रूप में देखती हूं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे अपने पूरे जीवन में कई पूज्य गुरुओं का आशीर्वाद मिला है, जिनकी शिक्षाओं और मार्गदर्शन शास्त्रीय डांसर के रूप में विकसित करने और आकार देने के लिए समर्पित कर दिया। एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि एक और महत्वपूर्ण गुरु हैं पी.एल. राज जी, जिनके साथ मुझे 'जंगली' के दौरान काम करने



शेयर करती रहती हैं। अब एक्ट्रेस ने 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के खास दिन पर अपने गुरुओं के साथ कई तस्वीरें शेयर करते हुए एक लंबा-चौड़ा नोट शेयर किया है। सायरा बानो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं। किसी में वह दिलीप कुमार के साथ तो किसी में अन्य स्टार्स के साथ नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने इन फोटो को शेयर करते हुए लिखा कि गुरु पूर्णिमा उन लोगों के प्रति सम्मान और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रिय अवसर है, जिन्होंने हमें ज्ञान और प्रेम के साथ मार्गदर्शन किया है, जो हमें याद दिलाते हैं कि एक गुरु हमारे जीवन पर कितना गहरा प्रभाव डाल सकता है। इसके आगे उन्होंने लिखा कि पर्सनली, मैं इसे हर एक ने मुझे गहराई से आकार दिया है, खासकर भारतीय सिनेमा के माध्यम से मेरी यात्रा में और दिलीप साहब से मेरी शादी के बाद। फिर एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि इन प्रिय गुरुओं में से एक रोशन कुमारी जी (पहली तस्वीर में मेरे बाईं ओर बैठी हैं) सबसे अलग हैं, जिन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया है और उन्होंने महान बंगाली फिल्म निर्माता सत्यजीत रे के साथ भी काम किया है। उन्होंने मुझे जयपुर घराने के शास्त्रीय नृत्य - कथक की कला सिखाई। उनकी शालीनता और अनुशासन किसी मास्टर क्लास से कम नहीं थे और भारतीय कला के लिए एक वरदान थे। शास्त्रीय नृत्य में मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने खुद को पूरी तरह से मुझे का सौभाग्य मिला, जहां उन्होंने मेरे पहले गाने 'कश्मीर की कली' को खूबसूरती से कोरियोग्राफ किया और बाद की फिल्मों में भी मेरे साथ काम करते रहे। साथ ही मेरी रिहर्सल कंपोजर शालिनी देशपांडे ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी और मेरे साथ मिलकर उन नृत्यों में मेरे लिए जो भी मूवमेंट सेट किए गए थे, उनका अभ्यास किया। आज, मैं उन्हें अपार प्रेम और सम्मान के साथ याद करती हूं, मैं उनकी कहानियां और मेरे जीवन पर उनके द्वारा छोड़ी गई अमिट छाप को शेयर करने के लिए बाध्य महसूस करती हूं। उनका प्रभाव एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह है और मेरी यात्रा में उनका योगदान अमूल्य है। हम सबकी एक साथ की और भी खुशनुमा कहानियां कुछ देर बाद सुनाऊंगी।

## टीवी की दुनिया का ये मशहूर सितारा बिग बॉस में नहीं बचा पाया अपनी जगह, घर में हुआ बड़ा एविक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में हर दिन नया मोड़ लेकर आता है। कंटेस्टेंट्स का ड्रामा दर्शकों का भरपूर एंटरटेनमेंट करता कटारिया हुए। दोनों की आंखें नम हो गईं, जबकि रणवीर ने ही दीपक को नॉमिनेट किया था। दीपक के जाने के बाद रणवीर शौरी काफी देर तक उदास चेहरे के साथ



है। अब बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में हुआ एलिमिनेशन चर्चा बटोर रहा है, क्योंकि इस बार टीवी की दुनिया का एक नामी चेहरा बाहर हुआ है। बिग बॉस के घर से बेघर होने के लिए इस हफ्ते सात कंटेस्टेंट्स नॉमिनेटेड थे। इनमें अदनान शेख, विशाल पांडे, अरमान मलिक, सना सुल्तान, सना मकबूल, दीपक चौरसिया और लव कटारिया का नाम शामिल था। वहीं, अब इनमें से एक खिलाड़ी का सफर हमेशा के लिए खत्म हो गया है।बिग बॉस ओटीटी 3 से इस बार जिस खिलाड़ी का सफर खत्म हुआ है, वो है पत्रकार दीपक चौरसिया हैं। शो में उनकी एंट्री ने खूब सुखिर्यां बटोरी थी। हालांकि, वो ज्यादा लंबा सफर तय नहीं कर पाए। दीपक चौरसिया के जाने से सबसे ज्यादा प्रभावित रणवीर शौरी और लवकेश स्मोकिंग जोन में भी बैठे हुए थे। जहां विशाल और नैजी उन्हें संभालने की कोशिश भी करते नजर आए। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के हालिया वीकेंड का वार एपिसोड्स में कई बदलाव देखने को मिले। एलिमिनेशन के अलावा शो में दो खास गेस्ट भी पहुंचे। इनमें सीजन 2 के विनर एल्विश यादव और मिस्टर फैसू उर्फ फैसल शेख ने एंट्री की। दोनों अपने- अपने दोस्त लवकेश कटारिया और अदनान खान को सपोर्ट करने पहुंचे थे। बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में अब बचे हुए प्रतियोगियों के बीच मुकाबला और भी दिलचस्प होता जा रहा है। दीपक चौरसिया के बाहर होने के बाद, अब देखना होगा कि शो के अगले मोड़ क्या होंगे और कौन बनेगा इस सीजन का विजेता।

## अली गोनी ने किया गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन के लिए पोस्ट, खास कैप्शन लिख बढ़ाई एक्ट्रेस की हिम्मत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन को लेकर हाल ही में यह खबर आई कि उन्होंने दिल्ली के एक इवेंट के दौरान आंखों में लेंस पहने, जिसके बाद आंखों में दिक्कत हुई और उसके बाद उन्हें अचानक से दिखना बंद हो गया। जब वह डॉक्टर के पास गई तो उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस के आंखों की कॉर्निया खराब हो गई है। ऐसे में अब अली गोनी ने भी उनके लिए पोस्ट किया है। अब उनके ब्वॉयफ्रेंड और अभिनेता अली गोनी ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस के लिए पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने एक खूबसूरत फोटो शेयर



उनका कॉर्निया खराब हो गया और वह अपनी आंखों से देख नहीं पा रही थीं। हालांकि, अब एक्ट्रेस पहले से बेहतर है और इस बात की जानकारी उन्होंने खुद एक पोस्ट शेयर करके दी। छोटे पर्दे की जानी मानी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन इस समय लाइमलाइट में बनी हुई हैं। दरअसल एक्ट्रेस को लेंस पहनने की वजह से कर एक्ट्रेस को खास महसूस कराया है। अली गोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में वह जैस्मिन को अपनी बाहों में पकड़े नजर आ रहे हैं और दोनों स्माइल कर रहे हैं। अली जहां व्हाइट कुर्ते पजामे में दिखाई दे रहे हैं। वहीं, एक्ट्रेस ग्रीन सूट में नजर आ रही हैं।

## कृष्णा श्रॉफ ने की भाई ऊगी एंप्दि की तारीफ, बोलीं- 'वो बिल्कुल अलग इंसान है'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी 14 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। अब से 6 दिन बाद यह शो टीवी पर ऑनएयर होने के जल्द रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 14 में दिखाई देने वाली हैं। अभी तक उनके कई प्रोमो सामने आ चुके हैं जिसमें वह खतरनाक स्टंट को आसानी से करते हुए नजर सकता। यह एक दिमागी खेल है। यह हमारे दिमाग की शक्तियों का टेस्ट करता है। कृष्णा श्रॉफ ने आगे बात करते हुए कहा कि 'खतरों के खिलाड़ी 14' मेरे लिए एक बड़ा मंच



लिए तैयार है। इस बार शो में दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ की बेटी और टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी दिखाई देने वाली हैं। उनके कई प्रोमो भी सामने आ चुके हैं, जिसमें वह खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई दी थीं। इस बार खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग साउथ अफ्रीका के केपटाउन की जगह रोमानिया में हुई है। हाल ही में कृष्णा ने एएनआई से बातचीत करते हुए शो में चुनौतीपूर्ण स्टंट करने के अपने अनुभव को शेयर किया है। साथ ही भाई टाइगर को लेकर भी बात की है। दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा श्रॉफ आई हैं। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव को शेयर किया है। साथ ही टाइगर के बारे में भी बात की है। कृष्णा ने बात करते हुए कहा कि टाइगर बिल्कुल अलग इंसान है। मैं उन्हें सुपर हीरो कहती हूं। शो में एंट्री करने से पहले टाइगर और मैं साथ बैठकर टीवी पर 'खतरों...' के पिछले सीजन के हाइलाइट्स देखा करते थे। हमने कुछ हाइट वाले स्टंट देखे और उन्होंने मुझसे कहा कि अरे भागो हार्नेस है, तो क्या ही हो सकता है, लेकिन मेरा विश्वास करो कोई भी आपको 'खतरों' के लिए तैयार नहीं कर है। इससे पहले दर्शकों ने मुझे सिर्फ एक बार देखा था। इसके बाद में वह मेरे बारे में और जान लेंगे। मुझे उम्मीद है कि मैं लोगों तक यह बात पहुंचाने में सक्षम हूं। मैं एक इंसान के रूप में क्या करने में सक्षम हूं। दरअसल, एक्स पेज गॉसिप टीवी की रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'खतरों के खिलाड़ी 14' में तीन कंटेस्टेंट ने अपनी जगह बनाई है। इसमें गश्मीर महाजनी, करणवीर मेहरा और कृष्णा श्रॉफ का नाम है, जो ट्रॉफी लेने के बेहद करीब हैं। ऐसे में क्या एक्टर की बहन विनर बन पाएंगी।

## 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के वक्त माफिया से पिटने वाले थे विक्की कौशल, कहा '500 लोगों ने घेर लिया था और फिर'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कम लोग जानते हैं कि विक्की कौशल ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से की थी। भले ही वह असली थी। इस सीन को कैप्चर करने के चक्कर में विक्की मार खाते-खाते बचे थे। उन्हें रेत माफिया के लोगों ने घेर लिया था।कॉमेडियन तन्मय भट्ट के साथ बातचीत में



पर्दे पर न नजर आये हों, लेकिन पर्दे के पीछे उनकी अहम भूमिका थी। उन्होंने फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया था।'बैड न्यूज' का प्रमोशन कर रहे विक्की कौशल ने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म में जो कोयला तस्करी दिखाई गई थी, वो विक्की कौशल ने कहा, फिल्म में जो कोयला तस्करी दिखाई गई थी, वह असली थी। हमने इसे शूट किया। एक घटना तब हुई जब हम अवैध रेत खनन के सीन कैप्चर करने गए थे। मैं दंग रह गया था, क्योंकि यह पहली बार था जब मुझे एहसास हुआ कि यह इतने खुलेआम होता है। आपको लगेगा ही नहीं कि असली में तस्करी हो रही है। आपको लगेगा कि यह ठीक से चलाया जा रहा कारोबार है, क्योंकि वहां सिर्फ दो ट्रक नहीं खड़े थे, बल्कि वहां 500 ट्रक खड़े थे। विक्की कौशल ने बताया कि सीक्रेटली तस्करी को कैप्चर करने के चक्कर में वह बुरी तरह फंस गये थे। अभिनेता ने कहा, हम उन्हें चुपके से शूट कर रहे थे और कुछ लोग आ गये। हमें 500 लोगों ने घेर लिया था। कैमरा अटेंडेंट एक बूढ़ा आदमी था, जिसकी उम्र 50 से ज्यादा थी। उस आदमी ने यूनिट को फोन करके बताया कि कैमरा समय पर नहीं आएगा क्योंकि हम यहां किसी परिस्थिति में फंसे हुए हैं। विक्की कौशल ने आगे कहा, फोन पर उसकी बात सुनकर वहां मौजूद एक शख्स को लगा कि वह किसी प्रभावशाली व्यक्ति को फोन कर रहा है। उस आदमी ने कैमरामैन को थप्पड़ मारा, उनसे कैमरा छीन लिया और हमें धमकी दी कि वे कैमरा तोड़ देंगे। हम दोनों को पीटा जाने वाला था, लेकिन हम किसी तरह बच निकले।

## जाह्नवी कपूर हर महीने 'ब्वॉयफ्रेंड' से कर लेती थीं ब्रेकअप, फिर 2 दिन बाद बोलती थीं सॉरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'उलझ' के प्रमोशन में जुटी हैं। हाल ही में, वह अनंत पहले ब्रेकअप के बारे में बात की है। जाह्नवी कपूर ने एक हालिया इंटरव्यू में अपनी डेटिंग लाइफ के बारे में ऐसा खुलासा किया है, जिसे



अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अपने ग्लैमरस अवतार के लिए खूब चर्चा में रहीं। फिर फूड पॉइजनिंग की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अब जाह्नवी डिस्चार्ज हो गई हैं और एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने अपने जान आप भी हैरान रह जाएंगे। अभिनेत्री ने बताया कि वह कभी हर महीने ब्वॉयफ्रेंड से ब्रेकअप कर लिया करती थीं। इसकी वजह से शायद लगभग हर लड़की खुद को रिलेट कर सकती है।जाह्नवी कपूर ने बताया कि उनका पहला ब्रेकअप कुछ खास बुरा नहीं था, क्योंकि वह ब्वॉयफ्रेंड उनके पास वापस लौट आया था। अहाउटरफ्लाई संग बातचीत में 'मिस्टर एंड मिसेस माही' एक्ट्रेस ने कहा, मैंने जिंदगी में सिर्फ एक बार दिल टूटने का अनुभव किया है, लेकिन वही व्यक्ति वापस आया और मेरे दिल को जोड़ दिया। इसलिए सब कुछ ठीक था। जाह्नवी कपूर ने इसी इंटरव्यू में कहा कि वह हर महीने ब्वॉयफ्रेंड से ब्रेकअप कर लिया करती थीं और फिर पैच-अप कर लेती थीं। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे पीरियड्स के कुछ सालों में हर महीने मैं इस व्यक्ति से ब्रेकअप कर लेती थी। पहले दो या तीन महीने वह सदमे में रहता था, लेकिन उसके बाद वह कहता था, 'हां, ठीक है,' और दो दिन बाद मैं रोते हुए और सॉरी कहते हुए उसके पास वापस जाती थी। मुझे समझ नहीं आता था कि मेरा दिमाग इस तरह क्यों काम कर रहा है। मालूम हो कि जाह्नवी कपूर इन दिनों बिजनेसमैन शिखर पहाडि़या को डेट कर रही हैं। वह पहले भी शिखर को डेट कर चुकी हैं, लेकिन फिर उनका ब्रेकअप हो गया था।

## गंगाजल' फिल्म में किया था मान्यता दत्त ने काम, ऐसे हुई थी संजय दत्त से पहली मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त की तीसरी पत्नी मान्यता दत्त भी एक्ट्रेस रह चुकी हैं। हालांकि, इंडस्ट्री में उन्हें वो मुकाम हासिल नहीं हुआ, जो वह चाहती थीं। यहां तक कि बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि उनका असली नाम भी ये नहीं है, बल्कि इस नाम को उन्होंने फिल्मों में आने के बाद रखा था। अभिनेता संजय दत्त की पतनी मान्यता दत्त सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर वहां अभिनेता के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। बहुत कम लोग यह बात जानते होंगे कि मान्यता भी संजय की तरह ही फिल्मों में काम कर चुकी हैं। इसके साथ ही उनका ये नाम भी रियल नहीं है। 22 जुलाई को 46 साल की हो रही हैं। मान्यता का जन्म 22 जुलाई, 1978 को मुस्लिम परिवार में हुआ, उनका रियल नाम दिलनवाज शेख था। हालांकि, बाद में उन्होंने फिल्मों में आने पर अपना नाम मान्यता रख लिया, जो उनका स्क्रीन नेम था। मान्यता दुबई से मुंबई अपनी किस्मत आजमाने आई थीं। यहां आकर उन्होंने कुछ मूवीज में छोटे-मोटे रोल किए, लेकिन उन्हें पहचान नहीं मिली। इसके बाद उनको प्रकाश झा के निर्देशन में बनी और अजय देवगन स्टारर मूवी 'गंगाजल' में आइटम सॉन्ग मिला। ये सॉन्ग था 'अल्हड़ मस्त जवानी', जिसमें कई लोगों ने उन्हें नोटिस किया। हालांकि, उन्हें बड़ी फिल्मों के ऑफर नहीं मिले। ऐसे में उन्होंने बी और सी ग्रेड की फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। साल 2006 में मान्यता की पहली बार एक्टर से मुलाकात हुई थी, जब उन्होंने मान्यता की एक सी ग्रेड फिल्म 'लवर्स लाइक अस' के राइट्स खरीदे थे। इसके बाद दोनों बातें करने लगे और दोनों को ही एक-दूसरे का नेचर भी पसंद आने लगा। इसके बाद साल 2008 में इस कपल ने शादी कर ली। दोनों आज साथ में काफी खुश है और इनके दो बच्चे भी है, बेटा शरान और बेटी इकरा। शादी के बाद मान्यता ने फिल्मी इंडस्ट्री को हमेशा के लिए छोड़ दिया और आज वह संजय दत्त प्रोडक्शन की सीईओ हैं।






# दुध्दी में युवा मंच ने शुरू किया रोजगार अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**दुद्धी, सोनभद्र।** कॉरपोरेट और उच्च अमीरों की संपत्ति पर समुचित कर लगाया जाए, सभी नागरिकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार की गारंटी की जाए, सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरा जाए और हर व्यक्ति के सम्मानजनक जिंदगी की संवैधानिक मूल्यों के आधार पर गारंटी के सवालों को लेकर युवा मंच की टीम ने आज दुद्धी में भाऊराव देवरस डिग्री कॉलेज में छात्रों से बड़े पैमाने पर संपर्क किया और उनके बीच में पर्चा वितरण किया। युवा मंच की टीम ने दुद्धी के अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की और रोजगार अभियान में उनका समर्थन मांगा। युवा मंच की टीम ने कहा कि देश में रोजगार दिया जा सकता है बशर्ते की कारपोरेट्स और सुपर रिच की संपत्ति के ऊपर टैक्स लगाकर संसाधन जुटाए जाएं। देश के हर नागरिक के शिक्षा और स्वास्थ्य की भी गारंटी इसके माध्यम से की जा सकती है। उन्होंने मांग की कि सरकार को तत्काल रिक्त पड़े जितने भी सरकारी पद है उन पर भर्ती करनी चाहिए और पेपर लीक की घटनाओं पर कड़ाई से रोक लगाई जानी चाहिए। युवा मंच के नेताओं ने देखा कि बेरोजगारी का गंभीर संकट दुध्दी के इलाके में मौजूद है। यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है और रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में छात्र और युवा जाने के लिए मजबूर है। लड़कियों की शिक्षा के लिए डिग्री कॉलेज का निर्माण नहीं है और पोखरा में जो सरकारी डिग्री कॉलेज बना है उसे भी आज तक चालू नहीं किया गया। इस सवाल पर लोगों से सलाह मांगी गई है कि कैसे दुध्दी में एक बड़े रोजगार आंदोलन को खड़ा किया जाए।। अभियान में युवा मंच संयोजक सविता गोंड, जिलाध्यक्ष रूबी गोंड, सुगवंती गोंड, राजकुमारी गोंड, मैक्सवेल विलियम, रितेश मौर्या, सुमन सोनी, सत्य मौर्य, विवेकानंद, अरविंद मौर्य, विश्वनाथ, देवंती मौर्य, गीता, संजय कुमार, प्रिया आदि लोग रहे।



# जन शिकतों का निस्तारण करें तुरित तौर पर: रूबी प्रसाद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में सोमवार को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4. नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 1, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।इस दौरान जेई मनीष कुमार, सभासद अनवर अली ,मनोज चौबे,अमित दुबे ,सुजीत कुमार, अजित कुमार, शन्त कुमार, बिमलेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# अभाविप का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग ओबरा में हुआ संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने स्थापना काल से ही विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं अभ्यास वर्ग की व्यवस्था विकसित की है जैसा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के नाते भी जाना जाता है, इसी क्रम में अभाविप सोनभद्र जिले के कार्यकर्ताओं ने जिले भर के कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु कलश होटल ओबरा में दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग 20 एवं 21 जुलाई को सम्पन्न हुआ जिसमें जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों विद्यार्थियों ने सहभाग किया एवं विद्यार्थी परिषद का प्रशिक्षण प्राप्त किया इसमें वर्ग के उद्घाटन में जिला प्रमुख डॉ रवि प्रकाश त्रिपाठी, प्रवासी कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस जैसवार, जिला संयोजक मृगांक दूबे, जिला संगठन मंत्री विवेक जायसवाल उपस्थित रहे एवं माता सरस्वती, देवी अहिल्याबाई होलकर एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर वर्ग का उद्घाटन किया।उद्घाटन सत्र में जिला प्रमुख ने कहा कि सोनभद्र में 23000 से अधिक सदस्य हैं जिसमें कुछ कार्यकर्ताओं को ही यह वर्ग करने का मौका मिला है जो प्रशिक्षण लेकर अपने परिसरों में अभाविप का कार्य प्रभावी ढंग से बढ़ाएंगे। एवं दो दिवसीय वर्ग के दूसरे दिन जिले के प्रसिद्ध कथावाचक दिलीप कृष्ण भरद्वाज उपस्थित रहे भारद्वाज ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर अपना उद्बोधन विद्यार्थियों को दिया एवं इसी क्रम में अभाविप के इस दो दिवसीय वर्ग में कार्यपध्दति, संपर्क, संवाद, प्रवास, सदस्यता, सक्षम इकाई एवं परिसर कार्य जैसे विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संगठन मंत्री अमित देव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। प्रवासी कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस जैसवार ने परिसर कार्य सक्षम इकाई एवं सदस्यता विषय पर जिला भर से आए हुए कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। वर्ग के दूसरे दिन प्रातः काल में सभी कार्यकर्ताओ ने सामूहिक रूप से योग, व्यायाम का अभ्यास किया और मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होकर संगठन शक्ति का विस्तार करने का संकल्प किया। इस दो दिवसीय वर्ग में जिला भर से सभी कार्यकर्ता एवं परिषद के कई पूर्व कार्यकर्ता जैसे सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, अनिल द्विवेदी, प्रवीण शुक्ल, सुधीर पाठक, संदीप सिंह, विपुल शुक्ला समेत कई लोग उपस्थित रहे।




# शिवद्वार में विधायक ने की बैठक काँवड़यात्रा के परिपेक्षय पर हुई चर्चा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** वर्ष परम्परा से सावन मास में शिवशक्ति का द्वार शिवद्वार श्रद्धालुओं के सैलाब से भरा रहता है। प्रथम सोमवार से ही उमड़ रही भक्तों की भीड़ और लगा है काँवड़ यात्रियों का रेला। यद्यपि रविवार से ही आने का सिलसिला शुरू हो गया यहाँ काँवड़ियों का और जलाभिषेक होना आरम्भ हो गया। घोरावल का शिवद्वार परम् पुनीत पावन स्थल के रूप में सुचर्चित है सदियों से। विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने दर्शन करने के साथ साथ समूचे श्रावण माह में व्यवस्थागत स्थितियों का सघन निरीक्षण किया , जाने हालात बिंदुवार बड़ी ही बारीकी से। यहाँ भवनों , टीनशेड, छादक के निर्माण विस्तार का क्रम साल - दर- साल जारी है जो यात्रियों की जरूरतों को पूरा करते हैं। इसी बीच धर्मप्राण जनों एंव गणमान्य लोगों के साथ बैठक ली विधायक ने। आवश्यकताओं के आलोक में विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने शिवद्वार धाम में अतिथिगृह का निर्माण करने की उद्घोषणा की। इसका करतल ध्वनि से सभी लोगों ने स्वागत किया तथा विधायक के इस निणय की असीम सराहना की। गौरतलब है कि विंध्यमण्डल में शैवसाधना का प्रमुख केन्द्र है सोनभद्र का शिवद्वार धाम जहाँ मीरजापुर सोनभद्र व उत्तरप्रदेश के अन्यान्य जनपदों के साथ - साथ अन्य प्रांतों से भी जल ला कर काँवड़ यात्री करते है जलाभिषेक। इसके साथ ही वसन्तपञ्चमी व शिवरात्रि पर हफ्तों लगता है मेला। प्रमुख व उच्चपदस्थ अधिकारियों - जनप्रतिनिधियों के भी यहाँ गाहे - बगाहे होता है जमावड़ा। इनसब के लिहाज से व अन्य अपेक्षाओं के दृष्टिकोण से यहाँ अतिथि गृह - सर्किट हॉउस की अतीव आवश्यकता है। यहाँ यह उल्लेख भी आवश्यक है कि आसपास ऐतिहासिक - पुरातात्विक संपदाओं का जखीरा भरा पड़ा है तो प्राकृतिक धरोहरों को भी अपने आग़ोश में समेटे है गुप्तकाशी - द्वितीयकाशी नाम से अभिधानित यह परिक्षेत्र। विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य के अतिथिगृह निर्माण की उद्घोषणा ने सभा मे मौजूद सबको भावविह्वल कर दिया , इस निणय की ध्वनिमत से सराहना की गई। विधायक ने इसके लिए भूमि एंव मार्ग पर परिचर्चा की तथा परिसर में अन्य लोगों से भी भैंटवार्ता की विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने।



# अशासकीय शिक्षण संस्थानों में विलंब शुल्क के नाम पर अबैध वसूली हो बंद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोमवार को समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष पवन पटेल के नेतृत्व में अशासकीय शिक्षण संस्थानों में विलंब शुल्क के नाम पर अबैध वसूली बंद कराए जाने को लेकर जिला अधिकारी सोनभद्र को एक ज्ञापन सौंपा गया समाजवादी छात्र सभा अध्यक्ष पवन पटेल ने कहा कि अशासकीय शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं से शिक्षण शुल्क जमा करने में यदि कुछ दिन की देरी हो जाती है तो शुल्क के अतिरिक्त पैसे की मांग विलंब शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों से लिया जा रहा है शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार की अवधानी धनवाही किया जाना निराशाजनक होने के साथ ही साथ विद्यार्थियों का मासिक और आर्थिक शोषण होता नजर आ रहा है कुछ अभिभावकों व छात्रों से बात करने पर यह बात भी प्रकाश में आया है कि कई विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों तथा अभिभावकों पर इस बात के लिए दबाव बनाया जाता है कि वह उनके द्वारा बताए गए दुकानों से ही कापी किताब तथा विद्यालय के पोशाक की खरीद करें जिससे अभिभावकों पर भारी बोझ पड़ रहा है । कई विद्यालयों में अलग-अलग प्रकाशन किताबें चलाई जा रहे हैं जो कि उनके द्वारा बताए गए दुकान के अलावा अन्य किसी दुकान पर मिलने की उम्मीद ना के बराबर है जिससे अभिभावकों में काफी रोस है । इसलिए समाजवादी पार्टी छात्र सभा आपसे अनुरोध करती है कि छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे अशासकीय विद्यालयों में एनसीआरटी की किताबों को लागू करने के साथ विलंब शुल्क पर तत्काल रोक लगाई जाए नहीं तो समाजवादी छात्र सभा जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहार यादव ने कहा कि छात्र-छात्राओं से ही देश का भला होने वाला है । लेकिन अशासकीय शिक्षण संस्थाओं द्वारा मनमाने ढंग से वसूली किया जा रहा है और शुल्क में वृद्धि करके अभिभावकों की कमर तोड़ी जा रही है । जिसे समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी । ज्ञापान देने वालों में मुख्य रूप से महेश यादव शाहिद अफरीदी नौशाद हुसैन प्रदुम पटेल विशाल पटेल राम निहोर पांडे अनिल विजय शंकर श्याम सुंदर सूर्य प्रकाश सुनील कुमार अभिषेक शर्मा शंभू सिंह हर्ष डी हालदार विशाल सूर्य प्रकाश दुर्गा दास शर्मा शुभम सिंह महफूज मनीष पवन किसान रामविलास अमरजीत अखिलेश राहुल के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।




# राज्य सरकार नहीं दे सकती किसी पड़ोसी मुल्क के लोगों को शरण,' ममता के बयान पर बरसे बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पड़ोसी देश बांग?लादेश को शरण देने की बात कही थी। उनके इस बयान के बाद अब भारतीय जनता पार्टी के नेता रविशंकर प्रसाद ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, यह अधिकार भारत सरकार का है, राज्य सरकार का नहीं। रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आगे कहा, 'ममता बनर्जी ने कल कहा था कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, वह अपने दरवाजे खुले रखेंगी और किसी को भी पश्चिम बंगाल में प्रवेश नहीं करने देंगी। ममता जी, आप वही व्यक्ति हैं जिन्होंने सीएए के बारे में कहा था कि हम हिंसा से पीडि.त किसी भी हिंदू, सिख, पारसी या ईसाई शरणार्थी को बंगाल में प्रवेश नहीं करने देंगे।पड़ोसी देश बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर हिंसा जारी है। रविवार को एक रैली में सीएम ममता बनर्जी ने एक ऐसा बयान दे दिया जिसके बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा था कि पड़ोसी देश में जारी हिंसा के पीडि.तों के लिए उनके दरवाजे खुले हैं। अब इसके बाद रविशंकर प्रसाद ने बयान दिया है। ममता जी ने हमेशा सीएए का विरोध किया है, जबकि सीएए का भारत के नागरिकों से कोई संबंध नहीं है, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम। उन्होंने ये भी कहा, 'ममता जी, अखिलेश यादव और राहुल गांधी संविधान की बात करते रहते हैं। क्या संविधान में आपका अधिकार है? यह अधिकार भारत सरकार का है। यह अधिकार राज्य सरकार का नहीं है।' बीजेपी नेता ने ये भी कहा कि यह बांग्लादेश का आंतरिक मामला है और हम अनुरोध करते हैं कि इस मामले को सुलझाया जाए। हमें इसमें नहीं पढ़ना है। अगर एक मुख्यमंत्री घोषणा करता है तो इसका क्या मतलब है? क्या आप भारत की एकता को तोड़ना चाहते हैं? ममता जी मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपका इससे क्या मतलब है। बंगाल रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, रवीन्द्रनाथ टैगोर और सुभाष चन्द्र बोस जैसे लोगों की जननी है। दरअसल पड़ोसी देश में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा था कि उनकी सरकार बांग्लादेश से शरण चाहने वाले लोगों को आश्रय देगी। सीएम बनर्जी ने कहा था, 'अगर आपके परिवार का कोई सदस्य या रिश्तेदार काम या पढ़ाई के लिए बांग्लादेश में है तो चिंता न करें। हम बदले में उनकी मदद करने के लिए तैयार है।'



# सूडान में मजबूर महिलाओं के साथ सैनिक कर रहे दरिंदगी; रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

**खार्तूम।** दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक सूडान है। यह देश पिछले कई सालों से आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। युद्धग्रस्त सूडान में ऐसे हालात हैं कि महिलाओं को भोजन के लिए भी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। द गाजियन की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। सूडान की महिलाओं को भोजन पाने के लिए सैनिकों के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अपने परिवारों को खिलाने के लिए देश की महिला ऐसे करने के लिए मजबूर हैं। सूडानी शहर ओमदुरमन से भागी दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने बताया कि सैनिकों के साथ यौन संबंध बनाना ही एकमात्र तरीका उनके पास बचा था जिससे उन्हें भोजन या जरूरत का सामान मिल सकता था जिसे वे अपने परिवारों को खिला सकती थीं। महिलाओं ने बताया कि यह आखिरी रास्ता था उनके पास ताकि अपने बच्चों और परिवार को खिलाने के लिए पैसे जुटा सकती थीं। पहले भी कई बार सूडान में ऐसे फरमान आ चुके हैं। जिसमें देश के सैनिकों को वेतन के बदले महिलाओं से दुष्कर्म करने का आदेश दिया गया था। 'भोजन पाने के लिए यह एकमात्र तरीका' गाजियन से बात करने वाली एक महिला ने बताया कि शहर भर की फैक्ट्रियों में हमले हुए, जहां खाद्य पदार्थ का भंडारण किया जाता है। मेरे माता-पिता दोनों ही बहुत बूढ़े और बीमार हैं और मैंने अपनी बेटी को कभी भी भोजन की तलाश में बाहर नहीं जाने दिया। मैं सैनिकों के पास गई और भोजन पाने का यही एकमात्र तरीका था- वे कारखानों के हर क्षेत्र में थे।सूडान में युद्ध के कारण हजारों लोग मारे गए हैं। कुछ अनुमानों के अनुसार मरने वालों की संख्या 150,000 तक है। देश में युद्ध के कारण दुनिया में सबसे खराब विस्थापन संकट पैदा कर दिया है। 11 मिलियन से अधिक लोग बेघर हो गए हैं और देश अकाल के कगार पर पहुंच गया है। खाने-पीने से लेकर देश की आर्थिक स्थिति संकट में है। इस संकट का फायदा देश के सैनिक उठा रहे हैं और मजबूर महिलाओं के साथ अपने जिस्मानी भूख को मिटा रहे हैं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।